हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 6 जुलाई 2024

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

10 अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई पिंडारा तीर्थ पर डुबकी



10 सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे अवश्य मनाएं



## खबर संक्षेप

### डबल बैरल डोगा बंदूक के साथ युवक गिरफ्तार

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने नए बस अड्डे के निकट एक युवक को काबू कर कब्जे से डबल बैरल डोगा बंदूक बरामद की है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पकडे.गए युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि नए बस अडडे के निकट एक युवक डबल बैरल डोगा बंदूक के साथ खड़ा हुआ है।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**कैथल।** बालू के निकट सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। बिशनगढ़ गामड़ी के कृष्ण कुमार ने कलायत पुलिस को दी शिकायत आरोप लगाया है कि जब सुरेश कुमार बालू से गुजर रहा था तो एक अज्ञात टेंपो चालक ने टेंपो को तेज गति और लापरवाही से चलते सुरेश को चपेट में ले लिया।

### धान की फसल को नष्ट करने पर तीन नामजद

**जींद।** गांव सिवानामाल में ट्रैक्टर तथा हैरो की सहायता से धान फसल को नष्ट करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ कब्जा करने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज किया है। सिवानामाल निवासी लीलूराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात को खेत संभालने गया था।

### गोदाम से सामान चोरी के दो आरोपित दबोचे

**कैथल।** अपराध व अपराधियों के खिलाफ एसपी उपासना के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते थाना शहर पुलिस के एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम ने आरोपी गांव कसूहन जिला जींद निवासी गौरव व सुरेंद्र को काबु कर लिया गया । प्रवक्ता ने बताया कि दुर्गा एंटरप्राइजेज गोदाम चीका रोड कैथल के मालिक हुड्डा सेक्टर-20 कैथल निवासी राजेश कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### 21 लाख तक के काम करवा सकेंगे सरपंच

**उचाना।** प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा ई-ट्रेडिंग को लेकर सरपंचों के पक्ष में लिए गए फैसले का भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप घोघड़िया ने स्वागत करते कहा कि भाजपा सरकार सरपंचों के हक में है। अब ई-ट्रेडिंग के बिना सरपंच 21 लाख तक के विकास कार्य करवा सकेंगे। बीते दिनों कुरूक्षेत्र में आयोजित रैली में सीएम नायब सिंह सैनी ने प्रदेश हित में घोषणाएं की है।

### घर से चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** घर से फोन, नकदी व आभूषण व अन्य सामान चोरी करने के मामले की जांच दौरान थाना शहर पुलिस के एएसआई जयभगवान की टीम ने महादेव कॉलोनी कैथल निवासी रामकृपा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि महादेव कॉलोनी कैथल निवासी अकुंश ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### जरूरमंदों की सेवा स्वतंत्र समूह सेवा समिति का लक्ष्य

**उचाना।** स्वतंत्र समूह सेवा समिति सदस्य रणबीर श्योकंद ने कहा कि हर इंसान समाज से बहुत कुछ लेता है तो इंसान का फर्ज भी बनता है कि समाज को कुछ न कुछ दे। स्वतंत्र समूह सेवा समिति की स्थापना भी इसी उद्देश्य से की गई थी की अपने सामर्थ्य के अनुसार उन जरूरतमंद लोगों की सहायता करना जिनके अंदर प्रतिभा होती है।

### देसी कट्टा सप्लाई करने वाला प्रोडक्शन वारंट पर

**कैथल।** अवैध असला अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाई जा रही मुहिम तहत थाना राजोंद पुलिस के एचसी अजय कुमार द्वारा अवैध देसी कट्टा व कारतूस सप्लायर आरोपी निजामपुर जिला सोनीपत निवासी साहिल व गांव लुधाना निवासी आशीष को नियमानुसार काबू कर लिए गए।

### स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डा. कमल गुप्ता ने ली जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक

# दो गैर हाजिर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और एक दिन की सैलरी काटने के निर्देश

## बैठक में रखे कुल 14 मामले, 10 का मौके पर निपटान, 4 मामलों को अगली बैठक के लिए रखा लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कहा कि सभी अधिकारी जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक को गंभीरता से लें और जिला उपायुक्त की अनुमति के बगैर कोई भी विभागाध्यक्ष बैठक में अनुपस्थित न रहे। उन्होंने बैठक में गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रूख अपनाया। उन्होंने उपायुक्त को मीटिंग से गैर हाजिर रहने वाले जिला खजाना अधिकारी और हरियाणा एग्रो के डीएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं उनकी एक दिन की सेलरी काटने के निर्देश भी दिए। मंत्री डा. कमल गुप्ता शुक्रवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। बैठक में कुल 14 मामले रखे गए, जिनमें से 10 का मौके पर निपटान किया गया तथा 4 मामलों को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला कष्ट निवारण समिति के सभी सदस्यों एवं जन प्रतिनिधियों के फोन नंबर अपने फोन में जरूर सेव रखें। जब भी कोई जन प्रतिनिधि किसी कार्य के लिए फोन करें तो फोन रिसिव करें और नियमानुसार जायज कार्य को करने में देरी न करें। वर्तमान में जो कार्य जिला में चल रहे हैं, सभी अधिकारी आपसी तालमेल के साथ गुणवतापूर्वक जल्द पूरा करें। बैठक में गांव बलवंती के तारा चंद की कृषि भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा किए जाने की शिकायत थी, जिस पर परिवादी ने बताया कि यह मामला पंचायती तौर पर निपट गया है, इसलिए वह कोई कार्रवाई नहीं चाहते। वहीं बिरथे बाहरी निवासी चरण कौर ने शिकायत दी थी कि गांव के कुछ लोगों ने प्लाट को लेकर विवाद चल रहा था, जिसमें मंत्री ने कहा कि ये मामला माननीय कोर्ट में विचारधीन है। अगर फैंसला प्रार्थी के हक में आता है तो प्लाट पर उनको कब्जा दिलाया जाएगा। इसी प्रकार सुभाष नगर निवासी युधिष्टर की पेंशन संबंधित शिकायत थी कि 3 महीनें से बुढ़ापा पेंशन नहीं मिल रही थी। बैठक के दौरान प्रार्थी ने बताया कि अब दो महीनें की पेंशन आ चुकी है। एक महीने की बकाया है, जिस पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को जल्द पेंशन देने के निर्देश दिए और मौके पर ही मामले का निपटान हो गया। गांव नंद सिंह वाला निवासी की बुढ़ापा पेंशन से संबंधित शिकायत थी, जिस पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रार्थी की पेंशन बना दी गई है। मत्री ने कहा कि कि प्रार्थी की पेंशन 8 अगस्त तक खाते में आ जानी चाहिए, जिस पर प्रार्थी संतुष्ट नजर आए। भगत सिंह कालोनी निवासी महावीर ने शिकायत की थी कि ग्योंग ड्रेन में पिछले काफी समय से सीवरेज का गंदा पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे आसपास की कालोनी में बदबू व मच्छरों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को आगामी बैठक के लिए लंबित रखा गया। खुशहाल माजरा गांव निवासी सुनीता की जमीनी विवाद से संबंधित शिकायत थी, जिस पर मंत्री ने एडीसी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर मामले की जांच करने के निर्देश दिए। इस मामले को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया। अगली शिकायत गांव सांघन के सरपंच की थी, जिसमें उन्होंने स्कूल व कॉलेज में जाने वाली छात्राओं के लिए बस लगाने की मांग की थी। जिस पर रोडवेज महाप्रबंधक ने बताया कि प्रार्थी की मांग पूरी कर दी गई है।





**कैथल।** मंत्री डा. कमल गुप्ता जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों की समस्याएं सुनते। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीसी प्रशांत पंवार, एसपी उपासना, एडीसी सी. जया श्रद्धा, नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, एसडीएम ब्रह्म प्रकाश, कृष्ण कुमार, सत्यवान, डीएसपी उमेद सिंह, गुरविंद्र सिंह, हरपाल शर्मा, रामकुमार, कुशल पाल, जग्गा सैनी, रामसिंह, राजेंद्र, शक्ति सौदा आदि उपस्थित थे।

### जिलाध्यक्ष ने उठाया किसानों को ट्रांसफार्मर देने का मुद्दा

बैठक में उपस्थित कैथल विधायक लीला राम व बीजेपी जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने किसानों को बिजली ट्रांसफार्मर संबंधित मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि धान का सीजन चल रहा है और किसानों को ट्रांसफार्मर जल्द उपलब्ध करवाए जाएं ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक लीला राम ने कहा कि अधूरे पड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित अवधि में संपन्न करवाएं। उन्होंने ग्योंग ड्रेन विषय पर कहा कि लोगों की समस्याओं को देखते हुए इसे पक्का करवाने के लिए एस्टिमेट शीघ्र तैयार करवाने के निर्देश दिए जाए। पिछले दिनों मैंने यह मामला न केवल विधानसभा में उठाया था, बल्कि मुख्यमंत्री ने भी इस मामले में भी स्वयं गंभीरता से लिया। इसलिए संबंधित विभाग के अधिकारी इस कार्य को पूरा करवाने में विशेष रूचि ले।

### डी-प्लान के तहत खर्च होंगे 15.61 करोड़

**कैथल।** शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई, अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने की। मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2024-25 के दौरान कैथल जिला में डी-प्लान के तहत 15 करोड़ 61 लाख रुपए की राशि से विकास कार्य करवाए जाएंगे। इस प्लान में ग्रामीण क्षेत्र में 11 करोड़ 79 लाख रुपये के और अर्बन एरिया में 3 करोड़ 81 लाख रुपये के विकास कार्य करवाए जाने शामिल हैं। पिछले साल 2023-24 में डी-प्लान के अंतर्गत करीब 5 करोड़ 14 लाख रुपये की राशि से विकास कार्य करवाए गए हैं। इसके तहत 91 विकास कार्यों में से 55 विकास कार्य पूरे हो चुके हैं, 25 पर काम चल रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी व गुणवत्ता के आधार पर इस राशि को विकास कार्यों के लिए उपयोग में लाया जाए। सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करवाया जाए।

# पत्नी को लेने गए व्यक्ति पर पेट्रोल छिड़क लगाई आग, पीजीआई रेफर

- पुलिस ने दो सालियों तथा उनके दोनों पतियों समेत पांच को किया नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


गांव डिडवाडा में सालियो के पास मिले गई पत्नी को लेने गए व्यक्ति की साढुओं तथा सालियों ने मारपीट की और फिर तेल छिड़क आग लगा दी। जिसमें व्यक्ति झुलस गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने झुलसे व्यक्ति की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गुमाना निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 27 जून को उसकी पत्नी सोनिया गांव डिडवाड़ा में विवाहित अपनी बहन पिंकी तथा निर्मला से मिलने गई थी। गत 3 जुलाई को वह पत्नी सोनिया को लेने डिडवाडा गया था। जिस पर उसकी दोनों सालियों व साढुओं ने उसकी पत्नी को भेजने से मना कर दिया। विरोध किया तो आरोपितों ने मारपीट शुरू कर दी। उसी दौरान साढू के भाई सुनील ने उस पर पेट्रोल छिड़क आग लगा दी। जिसमें वह झुलस गया। पहले उसे सफीदों नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार देकर उसे खानपुर पीजीआई रेफर कर दिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने सुनील की शिकायत पर साली पिंकी, निर्मला, साढू राममेहर, जगमहेंद्र, सुनील के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना सफीदों के जांच अधिकारी दीपक ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी।

# पशु व्यापारी ने जहर निगल की आत्महत्या

- सुसाइड नोट के आधार पर 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अहिरका के निकट पशु व्यापारी ने जहर निगल कर आत्महत्या करने के मामले में सदर थाना पुलिस ने छोड़े सुसाइड नोट के आधार पर 15 लोगों के खिलाफ आत्महत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव जुलानी निवासी राजकुमार ने गत दिवस अहिरका के निकट जहरीला पदार्थ निगल लिया था। जिसकी नागरिक अस्पताल में मौत हो गई थी। मृतक ने सुसाइड नोट छोड़ा गया था। जिसमें 15 लोगों पर रुपये जमीन को लेकर प्रताड़ित करने को लेकर आरोप लगाए थे। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के बेटे ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता भैंसों का व्यापार करता था। रुपयों को लेकर लोग उसके पिता को तंग करते थे। उचाना कलां के सतबीर समेत चार लोगों ने उनके चार कनाल से ज्यादा जमीन को जबरन ब्याना लिखवा लिया। गांव के ही बलवान तथा प्रभु परिवार आरोपितों का साथ दे रहे थे और खेत की जुताई नही करने दे रहे थे। जिस से परेशान होकर उसके पिता ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के बेटे कुलदीप की शिकायत पर उचाना कलां निवासी सतबीर, महिपाल, सुदेश देवी, गांव बालू निवासी सतीश, जुलानी निवासी बलवान, प्रभु, सोनू, पूनम, मूर्ति, सुमन धमतान निवासी रोहताश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



**जींद।** नागरिक अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

### मामले की जांच जारी

सदर थाना के जांच अधिकारी कुलबीर सिंह ने बताया कि मृतक द्वारा सुसाइड नोट छोड़ा गया था। मृतक के बेटे ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

# विद्यार्थी दूषित पानी में से होकर पहुंचे रहे विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव रोहेड़ा के सरकारी स्कूल के सामने से गुजरने वाली गली में पानी भरने से छात्रों के साथ ग्रामीणों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जिसे लेकर लोगों में भारी रोष है। गली में पानी की निकासी ही नहीं की गई। पानी गली में भरने से स्कूल में आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि इस बारे कई बार प्रशासन को भी अवगत करवा चुके हैं। लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है इन लोगों ने बताया कि यहां लगभग तीन स्कूल हैं जहां हजारों बच्चे प्रति दिन शिक्षा ग्रहण करने आते हैं और यह गांव की मुख्य गली है जहां से लोगों का हर समय आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में गली में बरसात से पहले इतना पानी भरा हुआ है। बरसात में क्या हालात होंगे ये सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पानी निकासी की शीघ्र व्यवस्था की जाए वरना वह सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।



# दूषित पानी की निकासी न होने से मालवी निवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर

- बार-बार गुहार लगाने पर भी नही हो रहा समाधान, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव में निकासी व्यवस्था नही होने से ग्रामीणों को नारकीय जीवन जीने पर मजबूर होना पड़ रहा है। मालवी गांव निवासी अशोक कुमार पंच, जयभगवान, जागेराम, धर्मेंद्र पहलवान ने बताया कि गांव की गली से ही सभी महिलाओं को पानी लाने के लिए इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है। खेतों से भी घास व अन्य काम के लिए इसी रास्ते से जाना पड़ता है। बरसात के मौसम में कई बार बाइक चालक गिरकर घायल भी हो चुके हैं। कई बार इसकी शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से भी की गई लेकिन कोई भी समधान नही हो पाया ग्रामीणों को केवल कोरा आश्वासन ही हाथ लगा है। प्रशासन के रवैये को लेकर ग्रामीणों में रोष बना हुआ हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द से जल्द समस्या का समाधान नही हुआ तो वो इसकी शिकायत उपायुक्त से करेंगे। जुलाना बीडीपीओ प्रतीक जांगडा ने बताया कि मामला कल ही संज्ञान में आया था। ग्राम सचिव को निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द निकासी व्यवस्था का प्रबंध करें।





**जींद।** हर्बल पार्क का अवलोकन करते संयुक्त सचिव पंकज यादव।

### लोगों से पानी को व्यर्थ न बहाने का आह्वान किया

**जींद।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव पंकज यादव आईएएस ने कहा कि जल और पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी संबंधित विभाग आपसी सामंजस्य और योजनाबद्ध तरीके कार्य करें। इसके साथ ही आमजन को जल व पर्यावरण के प्रति जागरूक करें और जागरूकता अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दें। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी के संचय के लिए प्राचीन संसाधनों को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ नए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी बनाएंए इसके लक्ष्य निर्धारित करें और निर्धारित समय में उसे पूरा करें। सभी संबंधित विभाग अपने-अपने विभागों की गतिविधियों में जल संरक्षण को भी जरूर शामिल करें।यादव शुस्र5वार को जल संरक्षण को लेकर स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में जरूरी निर्देश दे रहे थे। बैठक के दौरान उन्होंने जल संरक्षण से सीधे तौर से जुड़े विभागों से उनके द्वारा बारिश के पानी के संचय को लेकर बनाई गई कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए जल शक्ति केंद्र को सही ढंग से स्थापित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए गांवों व शहरों में प्राचीन कुंओं का जीर्णोद्धार किया जाए।

## ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे अस्पताल में आने वाले लोग

# पीडब्ल्यूडी ने बंद किए सीवरेज के तीन मैनहोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल जरा सी बारिश में तरणताल बन जाता है। जिससे मरीजों व तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस समस्या पर मंथन किया तो पाया कि अस्पताल में शव गृह और पुरानी बिल्डिंग के सामने सड़क निर्माण के दौरान लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा यहां सीवरेज के तीन मेनहोल बंद कर दिए गए। जिसके चलते यहां बरसाती पानी जमा हो जाता है। अस्पताल प्रबंधन ने दोबारा से लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर इसे ठीक करने की मांग की है। लगभग छह माह पहले लोक निर्माण विभाग ने 18 लाख 32 हजार रुपये का बजट खर्च कर नागरिक अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड व शव गृह के बीच सड़क बनाई थी। इमरजेंसी के सामने खाली परिसर में सीमेंट के ब्लॉक लगाकर उसको ऊंचा कर दिया। इसी दौरान सुलभ शौचालय के पास पानी निकासी के लिए बनाए गए सीवरेज के मैन होल को बंद कर दिया। अब काम तो पूरा हो चुका है लेकिन उन मैन होल को खोला ही नही गया। इसक कारण यहां से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। गत 26 जून को, उसके बाद तीन और चार जुलाई को हुई वर्षा के बाद यहां जलभराव हो गया। पानी भरा होने के कारण मरीज, अस्पताल स्टाफ, तीमारदार यहां से नहीं गुजर पा रहे हैं। पहले जहां पानी इमरजेंसी वार्ड के मुख्य गेट पर नहीं पहुंचता था लेकिन अब सीमेंट ब्लाक के साथ लेवल ऊंचा हो गया है और हल्की सी वर्षा के साथ ही जलभराव इमरजेंसी के गेट तक पहुंचने लगा है। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को पानी से होकर इमरजेंसी में जाना पड़ता है।

### समस्या को लेकर लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखा

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि बारिश के दौरान अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग और शव गृह के पास पानी जमा हो जाता है। अस्पताल में जलभराव की समस्या को लेकर लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखा गया है। जिसमें सीवरेज मैन होल की समस्या के समाधान के बारे में लिखा गया है।

**सड़क निर्माण का काम पूरा हो चुका:** 18 लाख 32 हजार रुपये खर्च करने के बाद भी जलभराव का समाधान नहीं होने पर अस्पताल प्रबंधन ने लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखते कहा है कि यहां सड़क निर्माण का काम पूरा हो चुका है लेकिन ठेकेदार ने काम के दौरान शव गृह के पास सुलभ शौचालय के बाहर तीन सीवरेज के मैन होल बंद कर दिए गए हैं। इन सीवरेज को चलाने के लिए अस्पताल प्रशासन द्वारा बार-बार पत्र लिखा जा रहा हैं लेकिन इसका समाधान नहीं किया। इसके चलते अस्पताल में जलभराव की पहले से 'यादा समस्या बढ़ गई है। जिस कारण अस्पताल में गंदगी व संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है।



**नरवाना।** रोजगार मेले में उपस्थित उम्मीदवार व कम्पनी कर्मचारी।

### जिला स्तरीय रोजगार मेले में 98 उम्मीदवारों का चयन

**नरवाना।** शहर की राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों योकोहामा लिमिटेड गुरुग्राम, स्वराज मोहाली, सुब्रॉज गुरुग्राम, बेरी उद्योग करनाल और टीडी एस प्लेसमेंट द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में 157 उम्मीदवारों ने साक्षात्कार में भाग लिया है। कंपनी प्रतिनिधियों के द्वारा 98 उम्मीदवारों का मौके पर ही चयन किया गया। जानकारी देते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल गोयल ने बताया कि इस प्रकार के रोजगार मेले संस्थान में होते रहते हैं। जिसका उद्देश्य छात्रों को रोजगार के अच्छे अवसर उपलब्ध करवाना है।

## खबर संक्षेप

### सात को आयोजित कैंसर जांच शिविर रद

जींद । समाजसेवी संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा सात जुलाई रविवार को कैंसर की जांच व उपचार के लिए विश्व प्रसिद्ध राजीव गांधी कैंसर अस्पताल के सहयोग से स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर व मुख के कैंसर को लेकर आयोजित किया जा रहा जांच शिविर रद्द किया गया है। सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि कैंप स्कीम नंबर 19 में बड़े डाकखाने के पास स्थित डीएस दंत मुख अस्पताल में आयोजित होना था।

### गरीब महिलाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

जींद । हरियाणा महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक जगजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगमए पंचकुला द्वारा केवल हरियाणा की बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) स्थायी निवासी लड़कियों, महिलाओं के लिए जींद में आठ दिन का ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ 12 को डीसी को देगा ज्ञापन

जींद। रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर 12 जुलाई को रिटायर्ड कर्मचारी संघ द्वारा जिला प्रधान छा'जूराम नैन की अगुवाई में प्रदर्शन किया जाएगा और डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा जाएगा। संघ के जिला सचिव राजकुमार श्योकंद ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों बारे सुध न लिए जाने से पैंशनर्ज में गहरा रोष व्याप्त है।

### मांगों को लेकर दस को मजदूर करेंगे प्रदर्शन

जींद । मनरेगा श्रमिक यूनियन संबंधित सीटू की बैठक जिला संयोजक अशोक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में टीटोखेड़ी गांव की मनरेगा मजदूर कमलेश की साइट पर काम करते हुए हुई मृत्यु पर शोक व्यक्त किया गया व प्रशासन व हरियाणा सरकार से मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग मांग की गई।

### अग्रवाल समाज के अध्यक्ष का फेसबुक पेज हैक

जींद। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल के फेसबुक पेज को हैकरों ने हैक कर लिया है। दूसरे देश के हैकरों ने ये पेज हैक किए हैं। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर छह महीने पहले ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करा दी गई थी लेकिन दूसरे देश से हैक होने की वजह से संबंधित पुलिस ने हाथ खडे कर दिए हैं।

### महिला तथा युवती लापता, मामले दर्ज

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से महिला तथा युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव दुर्जनपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दो जुलाई का उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं राम कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 18 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### लंबित मामलों के लिए स्पेशल ड्राइव 30 तक

जींद। जिला उप कराधान एवं आबकारी डॉ शफीक मोहम्मद ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा हरियाणा मूल्य वर्धित कर और अन्य एक्ट के अंतर्गत लंबित मामलों के समाधान के लिए 31 जुलाई तक एक स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही है।

### 24 को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे कर्मी

जींद । हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्करज यूनियन की बैठक शुक्रवार को पब्लिक हैल्थ यूनियन कार्यालय में जिला प्रधान राजबीर श्योकंद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंच का संचालन जिला सचिव वेद सिंह ने किया। बैठक की शुरूआत में हाथरस सत्संग की भगदड़ में मृतकों के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा गया।

## श्रद्धालुओं ने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया

# अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई पिंडारा तीर्थ पर डुबकी

आषाढ़ अमावस्या पर स्नान, दान, पितरों का तर्पण लाता है खुशहाली : नवीन शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

अषाढ माह की अमावस्या पर शुक्रवार को पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर पितृ तर्पण किया और सुखद भविष्य की कामना की। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर वीरवार शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। शुक्रवार को अल सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आएं श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस्या पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है। यहां पिंडदान करने के लिए विभिन्न प्रांतों के लोग श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं ने यहां खरीददारी भी की।



जींद। अषाढ़ अमावस्या पर पांडू पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान करवाते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पितृ दोष से मुक्ति के लिए आषाढ़ अमावस्या को महत्वपूर्ण माना गया है। आषाढ़ माह की अमावस्या आषाढ़ी अमावस्या या हल हलहारिणी अमावस्या कहलाती है। इस तिथि को बेहद खास माना जाता है। कृष्ण पक्ष की चौदहवीं तिथि के बाद चंद्रमा, सूर्य मंडल में प्रवेश करता है और सूर्य अमा नाम की किरण में रहता है। इसलिए ये तिथि अमावस्या कहलाती है। आषाढ़ अमावस्या के दिन स्नान, दान, पितरों का तर्पण करने से जीवन में खुशहाली बनी रहती है। इस दिन श्रद्धानुसार जरूरतमंद लोगों को दान करना चाहिए।



जींद। अषाढ़ अमावस्या पर पांडू पिंडारा तीर्थ पर खरीददारी करते हुए श्रद्धालु।

# कांग्रेस का धुआंधार चाय कार्यक्रम जारी

■ हरियाणा प्रदेश से बेरोजगारी को भूपेंद्र सिंह हुड्डा खत्म करेंगे : गिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

हरियाणा में विधानसभा चुनाव को महज तीन महीने से कम का समय रह गया हैं। जींद विधानसभा सीट से भाईचारा बैठक के दौरान अपनी मजबूत दावेदारी का आगाज कर चुके कांग्रेस नेता प्रदीप गिल अब जींद विधानसभा की हर गली हर कॉलोनी व विधानसभा के हर गांव में चाय कार्यक्रम के दौरान लोगों से जनसम्पर्क कर रहे हैं। प्रदीप गिल को चाय कार्यक्रम के दौरान आम जनता का बहुत समर्थन मिल रहा हैं। शुक्रवार के दिन कांग्रेस नेता प्रदीप गिल ने जींद विधानसभा के गांव जाजवान, जलालपुर खुर्द व शाम को जींद शहर की कपड़ा मार्केट में चाय कार्यक्रम में शिरकत की। गिल ने कहा आज भाईचारा बैठक को सफल बनाकर जींद की जनता ने मुझको आशिर्वाद देने का काम किया हैं और आज विधानसभा के जिस गांव व कॉलोनी में जाता हूं तो युवाओं का जोश कांग्रेस पार्टी की तरफ देखने को मिलता हैं। लोकसभा चुनाव में जनता ने दिखा दिया है कि हरियाणा बदलाव चाहता हैं आज भाजपा की सरकार से हर वर्ग दुखी व परेशान है।



जींद। कार्यकर्ताओं के साथ प्रदीप गिल। फोटो :हरिभूमि



जींद। किसानों को संबोधित करते हुए वीसी। फोटो :हरिभूमि

### फसलों की उत्पादन तकनीक पर कार्यशाला का आयोजन

जींद। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल की स्थानीय शाखा जो गांव बधाना में शहीद कैप्टन पवन कुमार क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के नाम से स्थित है में बागवानी फसलों की उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के कुलपति डा. सुरेश मल्होत्रा ने शिरकत की। उन्होंने किसानों से आह्वान किया वे बागवानी अपना कर अपनी आय बढ़ाएंए क्योंकि देश व प्रदेश में बागवानी की बहुत मांग है। प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। कुलपति डा. सुरेश मल्होत्रा ने किसानों की किसानी, खेती संबंधित समस्याओं को सुनकर उनका समाधान बताया। कुलपति ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को परंपरागत खेती की बजाए बागवानी फसलों की ओर अपना रूझान करना चाहिए। क्योंकि बागवानी फसलें मूल्यावान होती हैं।

### समाधान शिविर में आई 13 शिकायतें

उचाना। समाधान शिविर लोगों की समस्याओं के लिए कारगर साबित हो रहा है। शुक्रवार को समाधान शिविर में 13 समस्याएं आई। जिसमें 'यादतर समस्याएं फैमली आईडी को लेकर थी। उचाना कलां की फूलपति, राजभान अलीपुरा, बाला देवी मांडी, संजय अलीपुरा, बलवंत खरकभूरा, बलवान भगवानपुरा, राजेंद्र उचाना मंडी, रामकरण भौंगरा ने फैमली आईडी में बड़ी इंकम को कम करने की गुहार लगाई। एसडीएम ने कहा कि शपथ पत्र देकर कोई भी अपनी इंकम को कम करवा सकता है। उचाना कलां के कृष्ण ने फैमली आईडी में अतिरिक्त नाम हटवाने की लिखित में निवेदन किया। रामबिलास अलीपुरा ने अपने घर के ऊपर से बिजली के तारों को हटवाने की मांग की।

# सरकार की नीतियों से जनता बेहाल : देशवाल

■ कानून व्यवस्था तथा जनसुविधाओं का निकला जनाजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

आम आदमी पार्टी महिला विंग की अध्यक्षा निशा देशवाल ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से जनता बेहाल हो चुकी है। कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। महिलाएं सुरक्षित नही हैं। युवा रोजगार के लिए मारे-मारे फिर रहे हैं। स्कूलों में मास्टर नही हैं और अस्पतालो में डाक्टर नही है। सरकारी सेवाओं का जनाजा निकला हुआ है। जनता जनसुविधाओ से पूरी तरह वंचित हो चुकी है। निशा देशवाल शुक्रवार को जनसंवाद कार्यक्रम के तहत गांव बागडू कलां में महिलाओं से रूबरू हो रही थी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने शासनकाल मे जनता का खून चूसने का काम किया है। योजनाओं के लाभ के नाम पर लोगों को सिर्फ लाइन में लगने को मजबूर किया है। हत्या, डैकती, लूटपाट, फिरौती आम बात हो गई। बदमाशों के इतने हौंसले बुलंद हैं कि पुलिस कर्मियों को भी निशाना बनाने से नही चूकते हैं। व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है। युवा रोजगार के लिए मारा-मारा फिर रहा है। कोई बड़ा उद्योग प्रदेश में नही लगा। रोजगार के लिए कोई कदम नही उठाया गया। केवल पेपर की लीक होते रहे। जिन्हें नौकरी मिली उन्हें कोर्ट ने वापस कर दिया। महिलाओं के हालात भी अच्छे नही है। लोगो को न तो योजनाओं का लाभ मिल रहा है ओर ना ही बुनियादी सुविधाएं। कोई ऐसा वर्ग नही है जो अपने आप को ठगा हुआ महसूस ना कर रहा हो। उन्होंने कहा कि आने वाला समय आम आदमी पार्टी का है। दिल्ली आम आदमी पार्टी सरकार के मॉडल को प्रदेश मे लागू कर बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा की विधान सभा चुनाव मे भाजपा के खिलाफ वोट की चोट कर उसे सता से बाहर करने काम जनता करेगी।



जनसंवाद कार्यक्रम के तहत निशा देशवाल महिलाओं से बातचीत करते हुए।

# जींद मांगे बदलाव कांग्रेस सम्मेलन कल : प्रमोद

■ भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में प्रदेश में चली कांग्रेस के पक्ष में बदलाव की लहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

हरियाणा कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रमोद सहवाग ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मेलन सफीदों रोड पर संत रविदास धर्मशाला में रविवार सात जुलाई को सुबह दस बजे होगा। कार्यकर्ता सम्मेलन में जींद हलके की जनता के साथ भाजपा सरकार द्वारा पिछले साढ़े नौ वर्षों में किए गए भेदभाव और अन्याय के खिलाफ बिगुल बजेगा। जींद मांगे बदलाव की मुहिम को पूरे जोर शोर से जन जन तक पहुंचाने की रणनीति पर मंथन होगा। जींद मांगे बदलाव जनआंदोलन बन रहा है और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाने तक जारी रहेगा। सहवाग ने कहा कि जींद हलके की जनता के हकों की लड़ाई के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है और जींद की जनता पूरी तरह से कांग्रेस के साथ है। हलके की जनता आने वाले विस चुनाव में जनविरोधी भाजपा विधायक को सबक सिखाना चाहती है। उन्होंने कहा कि जींद मांगे बदलाव की मुहिम का असर पूरे प्रदेश में दिखाई देने लगा है। कहा कि पूरे प्रदेश की जनता ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को हरियाणा का अगला मुख्यमंत्री बनाने का मन बना लिया है। इस अवसर पर महिपाल कौशिक, अजमेर रेढ़ू, बलजीत सिंह, रामपाल, धनराज, प्रकाश, जतेंद्र, महिंद्र सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जींद। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए प्रमोद सहवाग। फोटो :हरिभूमि



जींद। पौधा रोपण करते स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बीबीपुर में किया पौधरोपण

जींद। राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बीबीपुर ने इको क्लब ने जीवन मिशन के अनुसार पौधा रोपण किया व बच्चों के ऊर्जा बचाव, पानी बचाव, व्यर्थ पदार्थों मे कमी व सद्धुपयारेग व अन्य विषयों को लेकर अध्यापकों ने विचार व्यक्त किए। प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मुखिया मुकेश गोयत ने छात्रों को प्रकृति से कैसे सीख सकते हैं पर विचार सांझा किए। इको क्लब के इंचार्ज राजेंद्र सिंह ने पेड़ों का हमारे जीवन मे क्या महत्व है व एक पेड़ अपनी माता के नाम पर इसी विषय पर पेड़ों का वितरण किया व बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। सेवादार समुंद्र सिंह व किताबो देवी ने पूरे वर्ष इको क्लब का सहयोग कर पूरा योगदान दिया व भविष्य में भी प्रकृति के साथ प्रेम बनाए रखने की शपथ ली।

# मनोज शर्मा अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष मनोनित

■ समाज में अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचने के लिए काम करता है अधिवक्ता परिषद : अशोक सिरसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला अदालत परिसर में अधिवक्ता परिषद जींद द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्ता परिषद हरियाणा के प्रांत महामंत्री अशोक सिरसी ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बैठक में अधिवक्ता परिषद के उद्देश्य और कायोंर् पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता परिषद समाज में न्याय के क्षेत्र में लगातार निस्वार्थ भाव से कानूनी सहायता करता है। समाज मे अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचे, इसके लिए अधिवक्ता परिषद के कार्यकर्ता हरसंभव प्रयास करता है। बैठक में जींद जिले की नई कार्यकारिणी भी मनोनित की गई। जिसमें मनोज शर्मा को जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया। वहीं मोहित सैनी को जिला महामंत्री, दीपक दीक्षित, सुरेंद्र खटकड़, संदीप राणा को जिला उपाध्यक्ष, रजत श्योराण व हरीश बडसीवाल को जिला सचिव, संदीप चौहान को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में बचे हुई दायित्वों की घोषणा जल्द करने पर विचार किया गया। इस मौके पर कंवर कैलाश चौहान, वीरेंद्र, सोम सैनी, दलबीर शर्मा, सतीश यादव, विजय शर्मा, प्रीति शर्मा, कविता शर्मा, 'योति यादव, दीपक नरवाल, जितेंद्र, दिलशेर लोहान व अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।



जींद। अधिवक्ता परिषद की बैठक में भाग लेते अधिवक्ता। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। राजकीय कालेज में पौधारोपण करते स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### जुलाना के राजकीय महाविद्यालय में किया पौधरोपण

जुलाना। जुलाना कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में वन महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय इंचार्ज विजेंद्र कुमार ने की। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना और भूगोल विभाग के तत्वाधान में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर डा. 'योति लडवाल और डा. संजय की अगुवाई में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में त्रिवेणी के रूप में वृक्षारोपण करके वन महोत्सव मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम ऑफिसर द्वारा स्वयंसेवकों को 'यादा से 'यादा वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। विजेंद्र कुमार ने बताया कि दिन प्रतिदिन प्रदूषण के बढ़ने से ग्लोबल वार्मिंग का खतरा बढ़ता जा रहा है जिसके लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाना अनिवार्य है।

## मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आमजन को किया जागरूक

# सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे अवश्य मनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार फीवर मास सर्वे कर रही हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालवा के तहत गांव खरकगागर, हाडवा व भागखेड़ा में फीवर मास सर्वे के तहत लोगों को मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया से बचाव हेतु जागरूकता हेतु अभियान चलाया गया। विभाग द्वारा सात टीम बना कर घर घर जाकर लोगों को जागरूक किया गया व बुखार पीड़ितों के सैंपल लैब में भिजवाए गए। स्वास्थ्य सुपरवाइजर बिजेंद्र बूरा, संदीप कुंडू की टीमों ने इन गांवों के 1295 घरों में एंटी लार्वा एक्टिविटी चलाई व हर घर की गहनता से जांच कर मिले लार्वा को मौके पर ही नष्ट करवाया व साथ ही नुक्कड़ सभाओं द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। स्वास्थ्य टीम ने लोगों को जानकारी देते बताया कि डेंगू बुखार संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह 'यादातर सुबह के समय काटता है। डेंगू में हाइ ग्रेड फीवर होना, मासपेशियों व जोड़ों में दर्द होना व बुखार उतरने पर पसीना आना मुख्य लक्षणों में से हैं। स्वास्थ्यकर्मियों ने बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि सुबह शाम शरीर को कपड़ों से पूरी तरह ढक कर रखें। अपने घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे अवश्य मनाएं अर्थात पानी के बर्तनों, कूलर, फूलदान, होदी आदि को खाली करके एक दिन सुखाने के बाद ही पानी भरें, अपने घरों में रखें फ्रिज की वेस्ट ट्रे को सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें।

छतों पर पड़े कबाड़, मटके, टायर, बोतल, ढक्कन आदि को उठा दें ताकि उसमें बरसात का पानी एकत्रित न हो। टंकी व कूलर के पानी को सप्ताह में एक बार जरूर बदलें। अगर आसपास पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दें, गड्ढों को मिट्टी से भर दें, घरों की खिड़कियों व दरवाजों पर जालियां लगवाएं, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।



जींद। गांव खरकगागर में ड्रम में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।



जींद। बैठक में महिला कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते श्वेता ढुल। फोटो :हरिभूमि

### ब्लॉक स्तर पर महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी होगी तैयार : श्वेता

जींद। नरवाना रोड स्थित महिला जिलाध्यक्ष कार्यालय में जिला ऑब्जर्वर श्वेता ढुल व महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष लाजवंती डाहौला की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी महिला सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी तैयार की जाएगी और इसके साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ लेवल तक महिलाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने व घर-घर तक कांग्रेस पार्टी की नीतियों को पहुंचाया जाएगा। क्योंकि वर्तमान सरकार में महिलाओं के साथ काफी अपराध सामने आ रहे हैं। इसीलिए महिलाओं की आवाज को बुलंद करने के लिए 'यादा से 'यादा महिलाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ा जाएगा। शनिवार को भी बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कार्यकारिणी की ब्लॉक स्तर की अंतिम सूची तैयार करके अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा को सौंपी जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## दस को होगी उपभोक्ता फोरम की बैठक

**कैथल।** उत्तर हरियाणा वितरण बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक यूचबीवीएन कैथल के हॉल में 10 जुलाई को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगी।

## जांगड़ा महासभा गुहला का चुनाव 7 जुलाई को

**गुहला चीका।** अखिल भारतीय जांगड़ा महासभा ब्लॉक गुहला चीका का चुनाव 7 जुलाई को श्री विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में सम्पन्न होगा। यहां जारी एक प्रेस नोट में जांगड़ा सभा के हलका प्रधान नीटू जांगड़ा ने बताया कि 2 वर्ष का अपना कार्यकाल पूरा करने के उपरांत पुरानी कार्यकारिणी ने नियमानुसार अपना त्यागपत्र जिला प्रधान महेंद्र सिंह जांगड़ा को सौंपेगी और इसी दिन नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया जाएगा।

## नाबालिगा को भगा ले जाने का आरोप, केस

**कैथल।** कैथल शहर से एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के आरोप में कैथल पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कैथल के कॉलोनी के व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि सुखदेव नामक युवक उसकी 16 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसने उनके आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले के जांच अधिकारी एएसआई संदीप ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेड़ लगाओ और पर्यावरण संतुलन बनाओ का संदेश दिया

**कलायत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गांव बात्ता के प्रांगण में यूथ एंड इक्को क्लब तत्वाधान में जारी सात दिवसीय कैंप का पांचवा दिन पर्यावरण संरक्षण के नाम रहा।इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने शिरकत की। अध्यक्षता राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता प्रवीण कुमार ने की। प्रधानाचार्य ने पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने शिक्षकों-विद्यार्थियों को पेड़ लगाओ और पर्यावरण संतुलन बनाओ का संदेश दिया।

## कैथल में 31 हजार हैप्पी कार्ड वितरित: कमलजीत

**कैथल।** हरियाणा सरकार द्वारा गरीब वर्ग के कल्याण के लिए हैप्पी कार्ड योजना लागू की है, जिसके तहत 1 लाख रुपये कम आय वाले परिवारों के सदस्यों को हरियाणा रोडवेज की बसों में 1 हजार किलो मीटर की मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है। जिले में 86 हजार 954 हैप्पी कार्ड आ चुके हैं, इनमें से 31 हजार कार्ड लाभार्थियों को वितरित किए जा चुके हैं। रोडवेज महाप्रबंधक कमलजीत सिंह ने कहा कि जिन व्यक्तियों ने हैप्पी कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किए थे।

# गुहला में तेज बरसात से किसानों को फिर बाढ़ आने का दिखाई दे रहा खतरा

■ किसानों का सवाल कि घग्गर नदी की सफाई का काम क्यों छोड़ा अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुहला-चीका

गुहला में तेज बरसात आने से किसानों को यहां एक बार फिर बाढ़ आने का खतरा दिखाई दे रहा है। भारतीय किसान यूनियन के जिला उपप्रधान केवल सिंह सदरेहड़ी ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने घग्गर नदी के साइफन की सफाई का ठेका दिया था परंतु जब किसानों ने ठेकेदार पर आरोप लगाया कि वह घग्गर नदी की सफाई कम कर रहा है और मिट्टी ज्यादा बेच रहा है, तो कुछ दिनों बाद ही ठेकेदार यह कहकर रातोंरात काम अधूरा छोड़ चला गया। किसान नेता ने बताया कि घग्गर नदी के करीब तीन दर्जन साइफन हैं, जिनमें से अधिकतर बंद पड़े हैं और यदि तेज बरसात आई तो फिर यहां दोबारा बाढ़ आने से कोई नहीं रोक सकता।



गुहला चीका। बाढ़ आने की वजह बन सकते हैं मिट्टी से पूरे भरे हुए घग्गर नदी के अधिकतर साइफन। फोटो:हरिभूमि

### छोटा टेंडर लगाने की हो जांच

भाकियू नेता ने यह मांग की कि सरकार इस बात की जांच करे कि अधिकारियों ने समूची घग्गर नदी के साइफन को साफ करने की अपेक्षा छोटा टेंडर क्यों लगवाया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब अधिकारियों व ठेकेदार की मिलीभगत के चलते मिट्टी बेचने के लिए ही छोटा टेंडर लगाया गया था क्योंकि छोटी अवधि का टेंडर जल्द खत्म हो जाना था और उसके बाद जब तक ठेकेदार का दिल करता, वह मिट्टी बेचता रहता।

### पक्के कंकरीट के बांध बनाने की थी मांग

किसान नेता केवल सिंह सदरेहड़ी ने कहा कि किसान तो पक्के कंकरीट के बांध बनाने की मांग कर रहे थे परंतु अधिकारियों ने बांधों पर थोड़ी थोड़ी मिट्टी गिराकर अपना पल्ला झाड़ लिया। केवल सिंह ने कहा कि उक्त मुद्दा हरियाणा विधानसभा सत्र में भी उठा था परंतु इस तरफ सरकार ने ध्यान ही नहीं दिया और अब स्थिति यह है कि तेज बरसात आई तो मिट्टी बहाकर ले जाएगी। इस सम्बन्ध में जब इ्रूषसचाई विभाग के एस.डी.ओ. अजमेर सिंह से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि बरसात का मौसम नजदीक था और आचार संहिता लगने वाली थी जिस कारण छोटा टेंडर लगाकर काम चलाया गया परंतु अब पक्के बांध बना दिए जाएंगे।

### आरकेएसडी कालेज की मेरिट रही सबसे अधिक

**मिशन एडमिशन**

# कालेजों में दाखिले को लेकर पहली मेरिट लिस्ट जारी

105.8 तक पहुंची बीए की मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा कालेजों में दाखिले को लेकर शुक्रवार को पहली मेरिट सूची जारी कर दी गई। सभी कालेजों द्वारा अपनी सूची को वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। विद्यार्थीआनलाइन ही कालेज की साइट पर सूची में अपना नाम देख सकते हैं।

जारी सूची में बीकाम और बीए की मेरिट लिस्ट सबसे ऊपर रही है। सामान्य वर्ग बीकाम में आल इंडिया में उच्चतम मेरिट 104.6 पर पहुंच गई है। वहीं न्यूनतम 95.8 प्रतिशत रही है। वहीं बीए की मेरिट सूची 105.8 प्रतिशत तक पहुंच गई। जिन विद्यार्थियों को पहली सूची में शामिल किया गया है वे दाखिले के लिए फीस जमा करवा सकते हैं। कालेजों में फीस जमा करवाने को लेकर हेल्प डेस्क लगाए गए हैं। कालेजों में पहली मेरिट सूची चस्पा कर दी गई है। बता दें कि छात्र सुबह से ही इस पहली मेरिट सूची का इंतजार कर रहे थे। सुबह प्रोविजनल मेरिट सूची आ गई, लेकिन फाइनल लिस्ट के आधार पर दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। अब दाखिला प्रक्रिया शनिवार से शुरू होगी। आरकेएसडी कालेज में दाखिला लेने वाले छात्र सुबह नौ बजे से कालेज के राम कृष्ण हाल में आ जाएं। वहां उन्हें फीस, चालान बनाने और कागजातों को लेकर अलग-अलग डेस्क लगे हुए हैं। कालेज प्राचार्य डा. संजय गोयल ने कहा कि विभिन्न स्नातक कोर्सों की लगभग सभी सूचियां 100 अंकों पर खुली है। यह ओपन और कट आफ प्रतिशत छात्रों की श्रेणियों के आधार पर अलग-अलग होते हैं। संयोजक डा. सूरज वालिया ने कहा कि छात्र कालेज में आ सकते हैं। नोटिस बोर्ड पर चिपकाई गई मेरिट सूचियों में अपना नाम और सीरियल नंबर देख सकते हैं। कालेज के हेल्प डेस्क से परामर्श ले सकते हैं और इसके संयोजक डा. एसपी वर्मा को नियुक्त किया गया है।



डा. एसके गोयल

### इस तरह से रही पहली मेरिट लिस्ट

इंदिरा गांधी महिला कालेज में बीए में अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए 78.4 उच्चतम और 70.6 न्यूनतम। बीसीए के लिए 78.8 उच्चतम और 62.2 न्यूनतम। वहीं कलायत स्थित राजकीय कन्या कालेज में बीए के लिए सामान्य वर्ग में आल इंडिया उच्चतम 100.8 और न्यूनतम 89.8 प्रतिशत।

### इंदिरा गांधी महिला कॉलेज की सामान्य वर्ग में मेरिट लिस्ट

| कोर्स | आल इंडिया उच्चतम | -न्यूनतम | हरियाणा में उच्चतम | - न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|
| बीए एडिड | 102 | 94.2 | 94 | 84.2 |
| बीए सेल्फ | 93.4 | 83.8 | 82.6 | 59.4 |
| बीकाम | 104.6 | 95.8 | 95.6 | 84.6 |
| बीएमसी | 95.4 | 61.6 | | |
| बीसीए | 98.4 | 89 | 89 | 81.6 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 100.5 | 92.2 | 91.8 | 81.2 |

### आरकेएसडी कालेज में इस तरह रही मेरिट लिस्ट

**बीए प्रथम के लिए**

| केटगरी | उच्चतर | - न्यूनतम |
|---|---|---|
| आल इंडिया | 105.8 | 94 |
| हरियाणा जरनल | 94 | 87 |
| एससी | 87 | 79 |
| बीसी-ए | 86.8 | 68.5 |

**सायंकालीन बीए प्रथम के लिए**

| केटगरी | उच्चतर | - न्यूनतम |
|---|---|---|
| आल इंडिया | 102 | 84 |
| हरियाणा जरनल | 84 | 66.2 |
| एससी | 65.6 | 45.6 |
| बीसी-ए | 64.6 | 38.6 |
| बीसी-ए | 78.4 | 66.2 |
| बीसी-बी | 72.2 | 57.8 |

**बीकाम एडिड प्रथम के लिए**

| केटगरी | उच्चतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| आल इंडिया | 100 | 98.6 |
| हरियाणा जरनल | 98.6 | 91.6 |
| ईडब्लूएस | 89.2 | 87.8 |
| एससी | 88.6 | 71.8 |
| बीसी-ए | 90.8 | 79.4 |
| बीसी-बी | 89.6 | 81.8 |

**बीकाम सेल्फ फाइनेंस प्रथम के लिए**

| केटगरी | उच्चतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| आल इंडिया | 103.6 | 91.6 |
| हरियाणा जरनल | 91 | 81.4 |

**बीसीए प्रथम के लिए**

| केटगरी | उच्चतम | निम्नतम |
|---|---|---|
| आल इंडिंया | 100 | 93.4 |
| हरियाणा जरनल | 93.2 | 88.6 |
| एससी | 84.6 | 82 |
| बीसीए | 88.4 | 82.6 |
| बीसीबी | 87.2 | 77 |

**बैचलर आफ लाइफ साइंस एडिड**

| केटगरी | उच्चतम | निम्नतम |
|---|---|---|
| आल इंडिंया | 97.8 | 92.2 |
| हरियाणा जरनल | 91.8 | 80.6 |
| एससी | 79.8 | 65.4 |
| बीसीए | 79.4 | 70.4 |
| बीसीबी | 80 | 61.4 |

**बैचलर आफ फिजिकल साइंस एडिड**

| केटगरी | उच्चतम | निम्नतम |
|---|---|---|
| आल इंडिंया | 103.8 | 90.2 |
| हरियाणा जरनल | 90.2 | 82.6 |
| एससी | 81.2 | 53.8 |
| बीसीए | 77.4 | 52 |
| बीसीबी | 82.4 | 77.4 |

# शहीदों की शहादत को रखें याद: दीप मलिक



कैथल। शहीद कश्मीरी लाल की प्रतिमा का अनावरण करते जिला परिषद के चेयरमैन दीप मलिक जाखौली। फोटो:हरिभूमि

■ शाहीद सिपाही कश्मीरी लाल की प्रतिमा का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

जिला परिषद कैथल के अध्यक्ष दीप मलिक जाखौली ने कहा कि हमें शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए तथा शहीदों को हमेशा याद रखना चाहिए। मलिक शहीद सिपाही कश्मीरी लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेरदा के प्रांगण में शहीद सिपाही कश्मीरी लाल की प्रतिमा का लोकार्पण के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सर्वोच्च बलिदानी की धर्मपत्नी संतरों देवी, जिला परिषद के सदस्य फौजी कर्मवीर व संजीव भाना गांव के सरपंच सतपाल पंचायत समिति सदस्य नरेश व राकेश, सरपंच सतपाल स्कूल प्राचार्य रवि कुमार व स्टाफ सदस्य रहे। मलिक ने शहीदों की प्रतिमा लगवाने के कार्यक्रम के लिए पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन को भी बधाई दी। गायक कर्मवीर फौजी और कलाकार शीशा सिंह रमाना रमानी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया और आयोजन को भावुक बना दिया। चैयरमेन जिला परिषद कैथल, जिला परिषद सदस्यों, गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया और पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन ने देश के लिए अपने अंग निछावर कर देने वाले डिसएबल साथियों को सम्मानित किया जो कि नायब सूबेदार रणधीर सिंह ढुल पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी पाई एवं सूबेदार बलबीर सिंह खिदरपुर दोनों 6 ग्रेनेडियर्स से हैं उन को कारगिल विजय सिल्वर जुबली का स्मृति चिन्ह भेंट किया। समारोह में पहुंचे सैकड़ों पूर्व सैनिकों की तरफ से एसोसिएशन प्रधान ने शामिल सभी का हार्दिक अभिनंदन किया और बताया कि शहीदों की प्रतिमाओं का लोकार्पण का सिलसिला जारी है इनके अंदर सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर शहीदों और शहीद परिवारों का मान सम्मान बढ़ाएं।



सीवन। सीवन के कन्या स्कूल में पौधा रोपण का शुभारंभ करते प्रधानाचार्य।

## इको क्लब के तहत कन्या स्कूल में किया पौधरोपण

**सीवन।** सीवन के पी.एम. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग की ओर से चलाए जा रहे इको क्लब कार्यक्रम के तहत पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक प्रकार के सुन्दर फल, फूलों व छाया वाले पौधे लगाए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण के मार्गदर्शन में इको क्लब इंचार्ज गोपाल दास ने क्लब की सदस्य छात्राओं के साथ पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि इस समय बरसात का मौसम है और नए लगाए गए पौधों को पनपने का सही वातावरण मिलता है। इस समय पर लगाए गए पौधों की वृद्धि सही प्रकार से होती है। सभी को पौधा रोपण अवश्य करना चाहिए। इन दिनों विभाग की ओर से विद्यालय में सात दिवसीय इको क्लब के कार्यक्रम चल रहे हैं जिसमें इको क्लब इंचार्ज गोपाल दास प्रतिदिन छात्राओं को पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए अपने विद्यालय को सुंदर स्वच्छ तथा स्वयं को प्राकृतिक रुप से स्वस्थ रखने के तौर तरीके समझा रहे हैं। सुरेश सैनी, सुरेश राणा आदि मौजूद रहे।

# गुहला हलके में तेजी से घूम रहा विकास का पहिया : ईश्वर सिंह

■ 125 .14 लाख रुपये की लागत से चक्कू गांव में किया सामुदायिक केन्द्र का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुहला-चीका



गुहला चीका। चक्कू लदाना में सामुदायिक केन्द्र का उद्घाटन करते हुए ईश्वर सिंह।

गुहला विधायक ईश्वर सिंह ने दावा किया है कि गुहला हलका में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। विधायक आज गुहला के गांव चक्कू लदाना में 125.14 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक केन्द्र का उद्घाटन करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपयों की लागत से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज सामुदायिक केन्द्र के अतिरिक्त करोड़ों रुपयों की लागत से सरकारी कालेज, ब्रिज पावर रीवर, गांव चक्कू से गांव खरकड़ा तक एक सडक, स्कूल ग्रांट व स्कूल लाइट की मंजूरी दिलवाने जैसे दर्जनों विकास योजनाओं के भी उद्घाटन एवं शिलान्यास किए गए हैं। विधायक ईश्वर सिंह ने बताया कि इससे पहले गांव भूना में 1 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से कम्यूनिटी सेंटर, सब हेल्थ सेंटर मंजूर 55 लाख 50 हजार, स्ट्रीट लाइट्स लगेंगी, भूना से गांव थेह मुकेरियां तक 90 लाख, की लागत से सडक निर्माण, स्ट्रीट लाइट्स लगेंगी।



राजोंद। गांव खेड़ी सिंबल वाली में लोगों से रूबरू होते कांग्रेस नेता सुनील कुंडू।

## सुरजेवाला ने करवाए रिकार्ड विकास कार्य: सुनील कुंडू

**राजौंद।** कांग्रेस नेता व पूर्व जिला परिषद सुनील कुंडू रोहेड़ा ने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव खेड़ी सिंबल वाली में ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि जो कार्य कैथल शहर में चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने करवाए हैं। वह न किसी नेता ने करवाए हैं और न ही कोई करवा सकेगा। उन्होंने कहा कि दोबारा फिर कैथल जिले की तस्वीर बदलने का काम चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला ही करेंगे।कूडू ने कहा कि राजौंद में थोड़ी सी बरसात हो जाएं तो रोड पर पानी जमा हो जाता है। जिससे आम लोगों को वहां से गुजरना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय में राजौंद में विकास का कोई नामोनिशान नहीं है। मुख्य मार्ग की दुर्दशा की तस्वीर ही विकास को ब्याह कर रही है कि राजौंद में कितना विकास हुआ है। इस दौरान संदीप ढांडा,सुनील ढांडा,राजेश,बुधराम,अजय ढुल,सुखबीर सिंह दिनेश कुंडू सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मच्छर जनित व जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया

# जल जनित बीमारियों की रोकथाम में जन-भागीदारी महत्वपूर्ण

■ निरंतर जन स्वास्थ्य विभाग के बूस्टिंग स्टेशन पर जाकर पानी में क्लोरिनेशन की जांच की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

शुक्रवार को गांव बाकल में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी पूंडरी डॉ महेश सक्सेना के निर्देशों पर स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश सिवाच पाई के मार्गदर्शन में बरसाती मौसम के मध्यनजर मच्छर जनित व जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मच्छरों से होने वाली बीमारियों जैसे मलेरिया , डेंगू , चिकनगुनिया व दूषित पानी पीने से होने वाली बीमारियों जैसे उल्टी , दस्त, पीलिया , हैजा आदि के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी देते हुए उक्त बीमारियों के लक्षण, बचाव व रोकथाम बारे जागरूक कर रही है ।

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी श्रवण करोड़ा ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि हमारा (स्वास्थ्य विभाग) एक मात्र उद्देश्य लोगों को जागरूक करते हुए उनके स्वास्थ्य व जान की रक्षा करना है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग निरन्तर प्रयासरत रहता है। जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग की टीम निरंतर ग्राम बाकल के सरपंच महोदय श्री नरेन्द्र कुमार के साथ व सहयोग से समय -समय पर मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए फोगिंग करवाता रहता है । और स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव के सरकारी स्कूलों की भी नियमित अंतराल पर विजिट करते हुए प्रधानाचार्य व अध्यापकों के साथ व सहयोग बच्चों के पीने के पानी कि व्यवस्था , खाने की गुणवत्ता व साफ सफाई बारे विचार विमर्श करते हुए आवश्यक सुधारों बारे अपील की जा रही है ।आमजन को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध हो इसके लिए निरंतर जन स्वास्थ्य विभाग के बूस्टिंग स्टेशन पर जाकर पानी में क्लोरिनेशन की जांच की जा रही है और पानी के नमूने निरंतर प्रयोगशाला में भेजे जा रहें है । श्रवण करोड़ा ने लोगों से अपील की स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आमजन के लिए चलाए जा रहे अभियानों में जन - भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है तभी हैं मच्छरों व दूषित पानी से होने वाली बीमारियों पर रोक लगा सकते हैं ।




कैथल। मच्छर जनित बीमारियों बारे जानकारी देते श्रवण करोडा। फोटो:हरिभूमि

### किसी भी तरह से कोई ढिलाई न बरतें

स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश सिवाच ने भी लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि मच्छरों का प्रकोप बारिस के मौसम के दौरान और ज्यादा बढ़ जाता है विशेष रूप से मच्छरों का प्रकोप जुलाई से अक्टूबर माह तक ज्यादा रहता है इसलिए जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है इसलिए लोगों को इस समय ज्यादा सजग रहने की जरूरत है मच्छरों के काटने से होने वाली मुख्य बीमारियां मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया है । अगर आपके घर मे या आसपास किसी को भी बुखार है तो उसको तुरंत नजदीक के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर उसके खून की जांच करवाएं किसी भी तरह से कोई ढिलाई न करें । बारिश के मौसम में दूषित जल पीने से उल्टी , दस्त जैसी बीमारियां होने का खतरा बना रहा है अगर किसी भी उल्टी दस्त की समस्या है उसको पानी उबालकर व ठंडा करके दें व नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से मुफ्त इलाज करवाएं ।कोई भी बुखार खतरनाक हो सकता है इसलिए बुखार होने की स्थिति में तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर खून की जांच करवाएं। इस अवसर पर टीम में मुख्य रूप से सीमा रानी एम.पी.एच.डब्ल्यू(फीमेल), संगीता रानी , ओमपति देवी , रेणु बाला व रीटा देवी मौजूद रही। स्कूल प्रिंसिपल ज्ञान चंद व सभी अध्यापकों का सहयोग हमेशा की तरह काबिले तारीफ रहा।

# बच्चों को किया जल संरक्षण बारे जागरूक



पूंडरी। छात्राओं को जल संरक्षण बारे जागरूक करते सुनील दत्त।

हरिभूमि न्यूज. पूंडरी

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरी में चल रहे यूथ एंड इको क्लब के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन विद्यार्थियों को जल संचयन के बारे में बताते हुए सुनील दत्त ने कहा कि धरती पर शुद्ध जल का स्तर घटता जा रहा है।

पृथ्वी का दो तिहाई भाग जल और एक तिहाई भाग थल है। यद्यपि जल इस ग्रह का सर्वाधिक उपलब्ध संसाधन हैं परन्तु मानव उपयोग के लिये यह तीव्र गति से दुर्लभ होता जा रहा है। इस अपार जल राशि का लगभग 97.5% भाग खारा है और 2.5% भाग मीठा है। इस मीठे जल का भी 75% भाग हिमखण्डों के रूप में, 24.5% भूजल, 0.03% नदियों, 0.34% झीलों एवं 0.06% वायुमण्डल में विद्यमान है। ज्यों-ज्यों पृथ्वी की आबादी में वृद्धि एवं सभ्यता का विकास होता जा रहा है जल का खर्च बढ़ता जा रहा है। हम जल को बचाने के लिए विभिन्न तरीकों का प्रयोग कर सकते हैं। जैसें - जल संचयन, नहाते समय बाल्टी का प्रयोग करें।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द**

1-पुष्पा देवी 2-प्रेम लता पुत्री स्व. श्री घनश्याम दास निवासी श्याम नगर जीन्द

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि स्व. श्री आत्म प्रकाश पुत्र स्व. श्री किशन चन्द एक बरूए वसीयत नम्बर 1306 दिनांक 20-01-2014 दफ्तर सब रजिस्ट्रार साहब जीन्द अनुसार के रकबे को विक्रय/स्थानान्तरण/वसीयत पत्र पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी का भाई स्व. श्री आत्म प्रकाश अविवाहित की मृत्यु दिनाँक 27-07-2017 को व माता व पिता की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न जायज वारिस हैः-

1-औमप्रकाश भाई 2-पुष्पा देवी 3-प्रेम लता बहन हैं।

इनके इलावा मृत्तक का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है जिसके सम्बध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 27/06/24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, जीन्द**

**खबर संक्षेप**

### लंगरघर पर रविवार को होगी बैठक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के लंगरघर पर पूर्व सैनिकों की एक बैठक का रविवार को आयोजन किया जाएगा। आशय की जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक विरेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार को कस्बे के लंगरघर में बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूर्व हलके के पूर्व सैनिक भाग लेंगे। विरेंद्र कुमार ने कहा कि पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य की जांच के लिए चिकित्सकों की टीम भी पहुंचेगी जोकि जांच के साथ निशुल्क दवाएं भी देगी। विरेंद्र लाठर ने कहा कि पूर्व सैनिकों की मांग है कि जुलाना में पूर्व सनिकों के लिए कैंटीन बनाई जाए ताकि उन्हें जींद या रोहतक के चक्कर काटने से छुटकारा मिल सके।

### फुटबॉल टीम को दी स्पोर्ट्स किट

**उचाना।** राजकीय स्कूल मंगलपुर की एसएमसी कमेटी द्वार गांव की फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों स्पोर्टस किट दी। बलदेव श्योकंद ने बताया कि मंगलपुर गांव में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में गांव की टीम दूसरे स्थान पर रही थी। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए पूरी टीम को स्पोर्टस किट दी गई। गांव के राजकीय स्कूल के एसएमसी प्रधान बलदेव श्योकंद, उप प्रधान डॉ. मुकेश मेहरा, प्राइमरी प्रधान राजेंद्र सिहाग, सदस्य रामपाल, प्रवीण, प्रिंसिपल विजय शर्मा, पीटीआई अनिल नैन, अध्यापक राकेश, राजेंद्र मौजूद रहे।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मिले देवेंद्र अत्री

**उचाना।** भाजपा नेता देवेंद्र अत्री ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल से दिल्ली में मुलाकात की। यहां पर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के साथ उचाना हलके में भाजपा द्वारा करवाए गए विकास कायारें के साथ बिना पर्ची-खर्ची के दिए जा रहे रोजगार से लोगों में बढ़ रहे भाजपा के ग्रॉफ को लेकर विस्तार से बातचीत की।

### नाला निर्माण में बरती जा रही लापरवाही

**गुहला चीका।** चीका शहर स्थित गांव खुशहाल माजरा रोड़ पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाए जा रहे एक नाले में सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है और मौके पर ह्यआगे दौड़ पीछे चौड़ह्न वाली ऐसी स्थिति बनी हुई है कि ठेकेदार द्वारा नाला बनाए जाने के दौरान पिछले गड्ढों को नहीं भरा जा रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाले का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा करवाया जा रहा है बरसात में पानी भर गए था।

## यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर पहली मेरिट लिस्ट करी जारी

# राजकीय पीजी कॉलेज में बीए आर्ट्स संकाय में उच्चतम मेरिट लिस्ट 106.40 प्रतिशत पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग ने पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। राजकीय पीजी कॉलेज में बीए आर्ट्स संकाय में उच्चतम मेरिट लिस्ट 106.40 प्रतिशत, बीसीए संकाय में 101.60 प्रतिशत, बीए हिस्ट्री में उच्चतम मेरिट लिस्ट 106.40 प्रतिशत तक रही। इस बार दाखिले को लेकर जद्दोहद रहेगी। जिलेभर के 17 राजकीय व निजी कॉलेज और सीआरएसयू में मिलाकर लगभग साढ़े 11 हजार सीट हैं।

जबकि इस बार 12वीं कक्षा से हरियाणा विद्यालय बोर्ड व सीबीएसई से लगभग साढ़े 16 हजार विद्यार्थी पास आउट हुए हैं। जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आया है, वह विद्यार्थी नौ जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकते हैं। इसके बाद दस जुलाई को दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी और फाइनल मेरिट लिस्ट 11 जुलाई को जारी होगी। मेरिट लिस्ट में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी 13 जुलाई तक फीस भर सकेंगे। पहली व दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद भी अगर कॉलेजों में सीट खाली रह जाती हैं तो 16 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग होगी। रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा 17 जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी 17 जुलाई से लेकर 23 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिला ले सकते हैं। इसके बाद भी खाली सीट रहने पर 24 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से लेट फीस के साथ दाखिला ले सकते हैं। विद्यार्थियों को दाखिले के लिए 12वीं कक्षा के दस्तावेजों के साथ परिवार पहचान पत्र भी अनिवार्य होगा।



**जींद।** महाविद्यालय परिसर में मैरिट लिस्ट को चस्पा करवाते हुए प्राचार्य सत्यवान मलिक। फोटो : हरिभूमि

### इन कॉलेजों में होंगे दाखिले

जिला के राजकीय पीजी कॉलेज जींद, राजकीय महिला कॉलेज जींद, केएम कॉलेज नरवाना, राजकीय कॉलेज अलेवा, राजकीय महिला कॉलेज पिल्लखेड़ा, राजकीय कॉलेज सफीदों, सरला मेमोरियल कॉलेज सफीदों, राजकीय कॉलेज जुलाना, मेटिस कॉलेज अंटा, सफीदों, सीआर किसान कॉलेज जींद, हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद, राजीव गांधी सनातम धर्म महिला कॉलेज नरवाना, इंडस डिग्री कॉलेज किनाना, राजीव गांधी कॉलेज उचाना, एसडी महिला कॉलेज उचाना, राजकीय कॉलेज छात्तर व एसडी महिला कॉलेज नरवाना में दाखिला होगा।

### नौ जुलाई तक भर सकते हैं फीस : प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि कॉलेजों के लिए पहली मेरिट लिस्ट जारी हो गई है। जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आया है, वह नौ जुलाई तक विद्यार्थी फीस भर सकते हैं। 11 जुलाई को विभाग की तरफ से दूसरी सीट जारी की जाएगी। विद्यार्थियों को चाहिए कि वह निर्धारित समय में अपनी फीस जमा करवा कर दाखिला सुनिश्चित करें।

### राजकीय पीजी कॉलेज में मेरिट लिस्ट का ब्योरा

| कैटगरी | अधिकतम प्रतिशत | न्यूनतम प्रतिशत |
|---|---|---|
| **संकाय बीए आर्ट्स** | | |
| ऑल इंडिया | 106.40 | 92.60 |
| हरियाणा जनरल | 92.60 | 85.00 |
| एआइओइडब्लयूएस | 85.00 | 80.00 |
| एचओजीसीइडब्ल्यूएस | 78.60 | 45.20 |
| एससी | 85.00 | 69.80 |
| डीएससी | 85.00 | 58.40 |
| बीसीए | 84.80 | 48.20 |
| बीसीबी | 84.80 | 42.60 |
| **संकाय बीकॉम** | | |
| आल इंडिया | 99.00 | 88.40 |
| हरियाणा जनरल | 88.40 | 71.00 |
| एआइओइडब्लयूएस | 66.40 | 62.80 |
| डीएससी | 70.20 | 71.91 |
| बीसीए | 70.60 | 56.60 |
| बीसीबी | 69.40 | 61.00 |
| **संकाय बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस** | | |
| आल इंडिया | 98.60 | 64.40 |
| हरियाणा जनरल | 85.80 | 74.80 |
| एआइओइडब्लयूएस | 72.80 | 72.80 |
| एससी | | 74.60 |
| डीएससी | 58.00 | 56.20 |
| बीसीए | 72.40 | 63.60 |
| बीसीबी | 74.40 | 67.00 |
| **संकाय. बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस** | | |
| ऑल इंडिया | 98.40 | 85.40 |
| हरियाणा जनरल | 85.20 | 59.40 |
| बीसीए | | 57.60 |
| **संकाय बीसीए** | | |
| आल इंडिया | 101.60 | 91.80 |
| हरियाणा जनरल | 91.60 | 87.00 |
| एआइओइडब्लयूएस | 85.80 | 85.40 |
| एचओजीसीइडब्ल्यूएस | 84.80 | 80.20 |
| एससी | 86.60 | 78.40 |
| डीएससी | 81.60 | 64.60 |
| बीसीए | 87.00 | 81.20 |
| बीसीबी | 86.80 | 79.20 |
| ईएसएम | | 83.40 |
| **संकाय. बीए आर्ट्स अंग्रेजी** | | |
| आल इंडिया | 96.20 | 92.20 |
| हरियाणा जनरल | 91.28 | 84.20 |
| एआइओईडब्लयूएस | | 75.20 |
| एचओजीसीइडब्ल्यूएस | 67.20 | 59.40 |
| एससी | 78.60 | 70.40 |
| डीएससी | 81.00 | 64.40 |
| बीसीए | 76.00 | 65.60 |
| बीसीबी | 83.40 | 65.20 |
| **संकाय. बीए 'योग्राफी** | | |
| आल इंडिया | 97.80 | 94.80 |
| हरियाणा जनरल | 94.40 | 85.60 |
| एआइओइडब्लयूएस | | 85.40 |
| एचओजीसीइडब्ल्यूएस | 81.40 | 74.00 |
| एससी | 83.60 | 59.80 |
| डीएससी | 81.00 | 71.80 |
| बीसीए | 76.60 | 58.80 |
| बीसीबी | 80.00 | 61.00 |
| **संकाय. बीए हिस्ट्री** | | |
| आल इंडिया | 106.40 | 87.80 |
| हरियाणा जनरल | 86.60 | 66.60 |
| एआइओइडब्लयूएस | | 51.60 |
| एचओजीसीइडब्ल्यूएस | | 47.00 |
| बीसीए | | 65.60 |
| **संकाय बीबीए** | | |
| आल इंडिया | 96.20 | 89.20 |
| हरियाणा जनरल | 88.40 | 80.40 |
| एआइओइडब्लयूएस | | 75.00 |
| एचओजीसीइडब्ल्यूएस | 73.80 | 66.60 |
| एससी | 79.60 | 70.60 |
| डीएससी | 72.20 | 63.60 |
| बीसीए | 72.60 | 57.80 |
| बीसीबी | 56.00 | 51.80 |

# पांच दिन में 18 गुमशुदा व्यक्तियों को पुलिस ने ढूंढकर परिजनों को सौंपा

- भीख मांग रहे 7 बच्चों के परिजनों को उन्हें शिक्षा दिलवाने के लिए किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा एक माह के लिए ऑपरेशन स्माइल नाम से मुहिम चलाई गई है। इसी कड़ी में एसपी उपासना द्वारा सभी थाना प्रबंधकों को आदेश दिए है कि वह अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आमजन से बेहतर तालमेल बनाते हुए मानव तस्करी करने वालों/बाल गृहों/बाल मजदूरी करवाने वालों/महिलाओं से अनैतिक कार्य करवाने वालों व अन्य किसी भी प्रकार का शोषण करने वालों का पता लगाकर गुमशुदा, बन्धक, शोषित व्यक्तियों/महिलाओं व बच्चों का पता लगाएँ और सम्बन्धित परिजनों को लौटाने और सूचित करने हेतू गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर बाल भवन/शैल्टर होम से सम्पर्क कर सम्बन्धित माता/पिता या परिजनों को उनकी मुस्कान लौटाने का हर सम्भव प्रयास करें, जिससे पीड़ितों को पुनर्वास प्रदान कर उनकी मुस्कान लौटाई जा सके। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इसी कड़ी में पीएसआई सुमित, एसआई ईश्वर सिंह, एसआई विरेंद्र कुमार, एएसआई राजेश, लेडी एचसी सरोज व महिला सिपाही शीतल की टीम द्वारा 5 दिनों में गुमशुदा बच्चों व बड़ो सहित कुल 18 व्यक्तियों को ढुंढकर उनके परिवारजनों को सौंपा गया। इसी दौरान भीख मांग रहे 7 बच्चों को खोजकर उनके परिवारजनों के समक्ष बाल कल्याण समिति कैथल में उनकी काउंसलिंग भी करवाई गई। इस दौरान ईंट भट्ठा तथा फैक्ट्री मालिकों को समझाया गया कि बच्चों से मेहनताना करवाना बाल अपराध की श्रेणी में आता है। प्रवक्ता ने बताया कि इसके अतिरिक्त अभियान दौरान पुलिस द्वारा परिवारजनों को बच्चों को स्कूल भेजकर उनकी मुस्कान लोटाने बारे प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

### एडीसी ने किया कलाम बाल आश्रम का निरीक्षण

**जींद।** एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने शुक्रवार को डीसी कॉलोनी स्थित कलाम बाल आश्रम का निरीक्षण किया और वहां रह रहे बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलोचना कुंडू भी मौजूद रही। एडीसी ने कलाम बाल आश्रम के निरीक्षण के साथ-साथ बच्चों से बातचीत भी की गई और बच्चों से उनके खाने-पीने, रहने-सहने के बारे में विस्तारी से जानकारी ली। उन्होंने कलाम बाल आश्रम के स्टाफ को निर्देश दिए कि बच्चों की देखरेख में कोई कमी नहीं आनी चाहिए तथा बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा से संबंधित कोई भी लापरवाही ना की जाए।

# एनसीसी यूनिट ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। एनसीसी कैडेट्स विद्यालय प्रबंधन के साथ। फोटो : हरिभूमि

जींद। एनसीसी कैडेट्स विद्यालय प्रबंधन के साथ। फोटो : हरिभूमि

15 हरियाणा बटालियन द्वारा कमांडिंग अधिकारी जगजोत डोडी के नेतृत्व में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कैंप में राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट ने विगत वर्षोंर् की भांति इस वर्ष भी अपना परचम लहराया है । कैंप में कुल 19 संस्थाओं के 600 कैडेट्स ने भाग लिया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज ने बताया कि वार्षिक प्रशिषण कैंप के दौरान कैडेट्स के लिए एकल एवं ग्रुप प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। ड्रिल प्रततियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वालीबॉल और टेबल ड्रिल इत्यादि ग्रुप प्रतिस्पर्धाओं में राजकीय महाविद्यालय की सीनियर डिवीजन व्वायज ने गोल्ड, रिले रेस, टंग ऑफ वार में सिल्वर मेडल हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में कैडेट रोहित ने ब्रॉज मेडल जीत कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। एनसीसी की सीनियर विंग गर्ल्स ने थ्रोबॉल, रस्साकशी, टेबल ड्रिल, रिले रेस में गोल्ड मेडल, ग्रुप सिंगिंग और ग्रुप डांस में सिल्वर मेडल, आर्टिकल राइटिंग में अंशु बूरा ने गोल्ड, आस्था और निशु पाइलटिंग में गोल्ड, आस्था ने एंकरिंग में गोल्ड, मोनिका ने पोस्टर मेकिंग में ब्रॉज हासिल कर महाविद्यालय को गोरवांवित किया। सीनियर डिवीजन में सर्वाश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट का खिताब राकेश और सीनियर विंग में कैडेट आस्था ने हासिल किया।

# शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में साइंस व मैथ्स प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शुक्रवार को शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में साइंस व मैथ के लिए प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इस प्रदर्शनी में विज्ञान व गणित के सुंदर व आकर्षक माडल छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए। स्कूल के छात्रों का हौसला बढ़ाने के लिए पुरस्कार देकर छात्रों को प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक बुद्धि प्रदर्शन करते हुए मैथ और साइंस में अलग-अलग तरीके से मॉडल तैयार किए। बच्चों ने अपने तैयार किए हुए मॉडल की संपूर्ण जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन, डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान और चैयरमैन प्रवीण ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य नवीन ने बताया कि विज्ञान संकाय के मॉडल गेहूं पत्थर सिद्धांत, गति के प्रकार, गति के नियम, पेंडुलम, विद्युत सर्किट, न्यूटन डिस्क, प्रि'म द्वारा सफेद प्रकाश का फैलाव, पास्कल का नियम, जल संचयन प्रणाली, जल शोधक, वैक्यूम पंप, डेजर्ट कूलर, रॉकेट का प्रक्षेपण, मानव की कार्यप्रणाली हृदय, मानव उत्सर्जन तंत्र, मानवपाचन तंत्र, मानव श्वसन प्रणाली आदि व गणित संकाय के मॉडल वृत्त प्रमेय, 2डी, 3डी आकार, बीपीटी प्रमेय, कार्य, शंकु अनुभाग, त्रिकोणमिति कोणों का मान, बहुभुजों का माप, संभाव्यता, बहुभुज के गुण, बाह्य कोण प्रमेय, त्रिकोणमिति का अनुप्रयोग, पूर्णांक, बीजगणितीय अभिव्यक्ति, कोण आदि बनाए।



**जींद।** प्रदर्शनी में अपना अपना माडल दिखाते हुए बच्चे।

## स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**नरवाना।।** शुक्रवार को कस्बे की भाविप केशव शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। शाखा के अध्यक्ष सतीश सेतिया ने स्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वामी विवेकानन्द की 122 वीं पुण्य तिथि है। 4 जुलाई 1902 को स्वामी ने हावड़ा के बैलुर मठ में महासमाधि ली थी। ऐसा लगता है कि वह पृथ्वी पर एक उदेश्य लेकर आए थे और जब उन्हें लगा कि ये पूरा हो चुका है तो उन्होंने प्राण त्याग दिए। ऐसे युगपुरूष स्वामी विवेकानंद की122 वीं पुण्यतिथि पर शत शत नमन और विनम्र श्रद्धाजंलि। भाविप केशव शाखा स्वामी के आदशोंर् पर चलकर सेवा और संस्कार के कार्य कर रही है। इस मौके पर सचिन कुबेर दत्त शर्मा, कोषाध्यक्ष राजकुमार गोयल, उपाध्यक्ष जय भगवान गर्ग, प्रेस प्रवक्ता नथूराम गोयल, पंकज चौधरी, पवन मित्तल उपस्थित रहे।

### विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा सचिव को मांग पत्र

**उचाना।** अनाज मंडी की विभिन्न मांगों को लेकर मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया को भाजपा युवा मोर्चा उचाना के मंडलध्यक्ष एवं पार्षद पंकज करसिंधु द्वारा मांग पत्र सौंपा। करसिंधु ने बताया कि बीते दिनों मार्केटिंग बोर्ड से सचिव के माध्यम से मांग की है किउचाना अनाज मंडी में एक शैड का प्लेटफार्म मुख्य सड़क के लेबल से एक फुट ऊंचा होने के कारण किसानों को फसल उतारने में परेशानी आती है। यहां पर रैंप बनवाया जाए। अनाज मंडी उचाना में जितने भी मैनहाल, बारवेल के ऊपर की जाली सही करवाई जाए।

# 15 को होने वाली हड़ताल को लेकर रीडर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के सदस्यों ने 15 जुलाई से होने वाली प्रदेशव्यापी हड़ताल को लेकर मुख्यमंत्री के नाम राजौंद उपतहसील कार्यालय में रीडर विजय चौहान को ज्ञापन सोपा। जानकारी देते हुए हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के सदस्य राजेंद्र कुमार,परविंदर कुमार,अनिल कुमार ने बताया कि हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ ने 15 जुलाई से प्रदेशव्यापी हड़ताल पर जाने की घोषणा की हुई है। इसके संदर्भ में राजौंद उपतहसील कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम रीडर विजय चौहान को ज्ञापन सोपा है। उन्होंने बताया कि उनकी मुख्य मांगें केंद्रीकरण करते हुए बजट का प्रावधान किया जाए, सभी कार्यरत कर्मचारियों के पद सर्जीत किए जाएं, हरियाणा सरकार द्वारा जो नियमितीकरण की पॉलिसी तैयार की जा रही है उसमें डी आई टी एस के अधीन कार्यरत कर्मचारियों को शामिल करते हुए नियमित किया जाए, नियमितीकरण की पॉलिसी जब तक लागू नहीं हो जाती तब तक 58 वर्ष की सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए।

### स्कूल में विद्यार्थियों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ



**राजौंद।** गांव रोहेड़ा के मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल में समर कैंप के चौथे दिन सूखे व गीले कचरे को कैसे अलग अलग कूड़े दान में डालना है। इस बारे विद्यार्थियों को बताया गया। स्कूल के मुख्य शिक्षक जोगिंदर सिंह ने बच्चों को बताया कि हमें अपने-अपने घरों और कार्यालय में दो-दो डस्टबीन लगाने चाहिए जिसमें एक सूखे कचरे वाले डिब्बे में कागज टूकडे व टूटें हुए प्लास्टिक व कांच के टुकड़े धूल मिट्टी के कण व कपड़े आदि डालने चाहिए। जबकि गिले डिब्बे में बचा हुआ खाना,सब्जी के छिलके आदि डालने चाहिए। उन्होंने बताया कि समर कैंप में बच्चे पूरी रुचि लेकर कार्य कर रहे हैं और सीख रहे हैं।इस दौरान शिक्षक रवींद्र कुमार व शक्ति सिंह सहित स्कूल स्टाफ के सभी सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**दौरा** | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का भ्रमण कर सुविधाओं की जानकारी जुटा रहे सांसद

# युवाओं को रोजगार का प्रशिक्षण देने में समस्या नहीं आने दी जाएगी : नवीन जिंदल

- जिंदल ने संस्थान के स्टाफ से उन सभी ट्रेड्स के बारे में विचार विमर्श किया, जिनमें ज्यादा से ज्यादा छात्र एडमिशन लेते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सांसद नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में आने वाले सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और बहुतकनीकी प्रशिक्षण संस्थानों के संचालन की जानकारी ले रहे हैं । अपने इस अभियान के तहत सांसद नवीन जिंदल ने कैथल, कलायत और चीका के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व हरगोविंद बहुतकनीकी प्रशिक्षण संस्थान में जाकर वहां पर आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की। इस मौके पर सांसद नवीन जिंदल ने वहां पर शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों से भी मुलाकात की और उनसे उनके प्रशिक्षण में आने वाली कठिनाइयों की जानकारी भी ली। उन्होंने संस्थान के स्टाफ से उन सभी ट्रेड्स के बारे में विचार विमर्श किया, जिनमें ज्यादा से ज्यादा छात्र एडमिशन लेते हैं। यहां पर शिक्षा पूरी होने के बाद उनकी अप्रेंटिस और प्लेसमेंट के बारे में भी बातचीत की। सांसद नवीन जिंदल ने इन प्रशिक्षण संस्थानों को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपनी तरफ से हर प्रकार की सहायता प्रदान करने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिंदल ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान अपना संकल्प पत्र जारी जारी किया था। इस संकल्प पत्र के अनुसार उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में दो कौशल प्रशिक्षण संस्थान खोलने की बात कही थी। इन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का दौरा करने के पीछे भी यही मकसद है कि इन प्रशिक्षण संस्थानों में किस प्रकार से प्रशिक्षण को और अधिक उपयोगी बनाया जाए ताकि युवा संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त करके रोजगार के साधन जुटा सकें। इन सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सांसद नवीन जिंदल ने वहां के स्टाफ से संवाद किया और संस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए आ रही समस्याओं के निवारण पर भी चर्चा की। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को मिलने वाले स्कॉलरशिप और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।

उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि इन प्रशिक्षण संस्थानों को सुचारू रूप से चलने के लिए मुझे जो भी सहायता बन पड़ेगी, उसे मैं पूरा करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हूं। इस मौके पर सांसद नवीन जिंदल ने चीका के गुरु हरगोविंद बहुतकनीकी प्रशिक्षण संस्थान में वृक्ष लगाकर मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी की वृक्षारोपण मुहिम को भी आगे बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को बचाने में आगे आना होगा। सांसद नवीन जिंदल की इन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चल रहे भ्रमण अभियान से यहां के युवाओं में एक उम्मीद जगी है कि अब इन प्रशिक्षण संस्थानों पर प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को रोजगार प्राप्त करने में आसानी होगी। इस मौके पर पूर्व महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, प्रिंसीपल सतीश मच्छाल, भूपेंद्र पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



**कैथल।** सांसद नवीन जिंदल राजकीय आईटीआई कैथल का निरीक्षण करते हुए।